# अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना कोतवाली और जिला एजीटीएफ (एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स) ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गैंग से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि उसके एक अन्य साथी को नामजद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 24 बैंक खाता पासबुक, 18 एटीएम-डेबिट कार्ड, 5 बैंक खाता चेकबुक, 4 बारकोड स्कैनर, 2 स्पीकर क्यूआर कोड और 3 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी साइबर ठगी के लिए ओमनी कार्ड एप, नवि एप, एनएवाई वॉलेट और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग करता था। आरोपी और उसके साथी लोगों से उनके बैंक खातों को किराए पर लेते थे और फिर उन्हीं खातों का उपयोग ठगी के लेनदेन के लिए करते थे।

23 सितंबर को साइबर फ्रॉड की शिकायतशुदा खातों की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ललित शर्मा नामक युवक, निवासी लोयल (थाना खेतड़ी नगर), जो झुंझुनूं शहर के बीरबल बाजार के पास चुरू बाईपास रोड पर किराए के मकान में रह रहा है। उसके पास बड़ी मात्रा में एटीएम, पासबुक और चेक बुक हैं। जानकारी यह भी मिली कि ललीत बैंक खातों को कमीशन पर देता है और लोगों को रोजगार का लालच देकर ठगी करता है। सूचना पर एजीटीएफ और थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने दबिश दी और आरोपी ललीत शर्मा को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी हाल ही में झुंझुनूं शहर के चुरू बाईपास रोड पर किराए के मकान में रह रहा था और यहीं से ठगी के काम को अंजाम देता था। दबिश के दौरान उसके कब्जे से बडी संख्या में बैंकिंग से जुड़ा सामान बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ललित शर्मा ने कबूल किया कि वह अंकित ढाका पुत्र रोहताश ढाका, निवासी लोयल (थाना खेतड़ी नगर) के साथ मिलकर लोगों से बैंक खाते किराए पर लेता और देता था।

दोनों आरोपी ओमनी कार्ड एप, नवि एप और एनएवाई वॉलेट के जरिए रोजगार का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। आरोपी ने बताया कि उनका गिरोह लंबे समय से इस काम में लिप्त है और कई राज्यों में लोगों को निशाना बना चुका है।

## सार-समाचार

### दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजित

**बीदासर** (निसं)। शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में कस्बे में मंदिरों व पांडालों में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव के चलते शहर का वातावरण आध्यात्मिक बना हुआ है। रात्रि के समय कस्बे में जय जय अम्बे जय जगदम्बे की गुंज सुनाई दे रही है। वही नगरवासी भी धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। नोखा रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार संघ व नवरात्रि महोत्सव समिति संयुक्त तत्वाधान में होने वाली दुर्गा पूजा 2025 के विशाल धार्मिक आयोजन के तहत मंगलवार की रात्रि में हुई भव्य जोत ज्वाला महाआरती में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। बुधवार को देवी भागवत कथा में कथावाचक पंडित देवकी नंदन व्यास ने कथा का वाचन किया। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद कडेल, संघ के अध्यक्ष गणपत राम मोसुण, रामेश्वर लाल तुनगर, गोविंद सोनी, विक्रम नारनौली, सुरेश कडेल, नंदलाल तुनगर, महेश टाटिया, जितेंद्र सारस्वत सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की। वही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में महा नवरात्रि महोत्सव के तहत रात्रिकालीन होने वाली महाआरती में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। वही मंडी बाजार करणी माता मंदिर, दडीबा करणी माता मंदिर व गंगा माता मंदिर में चल रही दुर्गा पूजा में मा भवानी को रिझाने में श्रद्धालुओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

### सम्मान समारोह आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। श्री अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित अग्र वंदन 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार की रात प्रतिभा एवं विशिष्टजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।समारोह में पल्लवी सरावगी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सरावगी के निरंतर प्रयासों और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन देने की उपलब्धियों की सराहना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष जगदीश बेरासरिया, समिति अध्यक्ष राधेश्याम पांडूसरिया, महामंत्री श्यामसुंदर खेतान सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाज के 35 मेधावी विद्यार्थियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के 14 प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा व राजनीति क्षेत्र में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का संचालन दीपक मुरारका ने किया और अंत में समिति पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में संस्कृत शिक्षकों का तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य डॉ. गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुआ। प्रशिक्षण में राठौड़ ने भाषा शिक्षण की महता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी आईएफआईसी प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत व उप प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने भी अपने सुझाव साझा किए। इस दौरान उपाध्याय ने तकनीकी विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिये। प्रथम दिवस में संदर्भ व्यक्ति मनोहर सिंह ने संस्कृत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि व साहित्यिक धरोहर पर प्रकाश डाला। आईएफआईसी प्रभाग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी शेखावत ने बताया कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और संस्कृत संस्कारवान विषय है। दक्ष प्रशिक्षक सचिन ढ्रांडा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। संभागी विक्रम सिंह राठौड़ व जयप्रकाश ने संस्कृत महिमा मंडन पर विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण में संभागी मनोज कुमार व मुखराम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्कृत विषय के चूरू जिले के सभी ब्लॉकों के 40 संभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सुरेश बुंदेला ने किया।

### उपकारागृह का निरीक्षण किया

**रतनगढ़** (निसं)। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) राकेश मोहन शर्मा ने बुधवार को रतनगढ़ के उपकारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में बंद 48 कैदियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। निरीक्षण में डीआईजी शर्मा को जेल परिसर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कमी देखने को नहीं मिली। जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं से वे संतुष्ट दिखे। डीआईजी के पहुंचने पर जेल स्टाफ ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। नई जेल के निर्माण पर जल्द होगी कार्रवाई। मीडिया से बात करते हुए डीआईजी शर्मा ने रतनगढ़ में प्रस्तावित नई जेल के निर्माण के मुद्दे पर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही राज्य सरकार से चर्चा की जाएगी, ताकि आगे की कार्रवाई शुरू हो सके। गौरतलब है कि नई जेल के लिए रिको क्षेत्र में जमीन आवंटित हो चुकी है, लेकिन बजट की कमी के कारण इसका निर्माण कार्य कई सालों से रुका हुआ है। निरीक्षण के दौरान जेलर जितेंद्र सिंह, चिकित्सा विभाग के राकेश कुमार शर्मा और अन्य जेल प्रशासन के कर्मचारी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय कार्यशाला का समापन


**चूरू** (निसं)। स्थानीय डाइट सभागार में माइंड स्पार्क कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का समापन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीईओ गोविन्द सिंह राठौड थे। इस अवसर पर गोविन्द सिंह राठौड़ ने शिक्षकों से बच्चों की जिज्ञासाओं का सरल तरीके से समाधान करने व डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के तरिकें बतायें। ज्ञात रहे कि माइंड स्पार्क कार्यक्रम वर्तमान में 91 राजकीय विद्यालयों में संचालित है। प्रथम दिवस में 50 विद्यालयों के गणित, हिन्दी, कम्प्यूटर अनुदेशक में से (प्रति विद्यालय 1 अध्यापक) ने भाग लिया। महला ने बताया कि कार्यक्रम में बुधवार को दूसरे दिन 41 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर रीटा दाक्षिणी ने माइंड स्पार्क कार्यक्रम द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार व छात्र आत्मविश्वास में सुधार कर अगले स्तर तक ले जाने के टिप्स बताएं और छात्रों के सीखने की कमजोरियों को दूर करने के तरीके बताये। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र महला, ईआई प्रतिनिधि मास्टर ट्रेनर मयंक योगी, लोकेश सैनी, कार्यक्रम प्रतिनिधि गणेश शर्मा, शिवदत्त यादव आदि उपस्थित थे।

# नगरपालिका प्रशासन ने उपजिला चिकित्सालय के आसपास अतिक्रमण हटाया

**नोहर** (निसं)। यहां अतिक्रमणों पर प्रशासन का एक बार फिर से पीला पंजा चला। प्रशासन की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यहां के उप जिला चिकित्सालय के सामने से अतिक्रमण हटाए गए। यह अतिक्रमण दशकों से यहां स्थापित थे।

जानकारी के अनुसार प्रशासन की ओर से यहां बीएसएनएल ऑफिस से कोर्ट, जिला अस्पताल होते हुए रावतसर मार्ग पर सरस डेयरी तक मुख्य सड़क पर बने स्थाई व अस्थाई प्रकृति के अतिक्रमणों को हटाया गया। इससे पूर्व प्रशासन की ओर से तीन दिन का नोटिस भी संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिया गया था, जिसके चलते अधिकांश अतिक्रमण तो स्वत: ही हटा दिए गए और जो बाकी बचे थे उनको हटाने के लिए आज अल सुबह ही नगर पालिका प्रशासन का अमला दल बल के साथ पहुंचा।

एसडीएम आई.ए.एस राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें



नोहर में पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया।

नगर पालिका की अनेक एक्सपेंटर मशीन, ट्रैक्टर ट्रॉली, पालिका के सफाई कर्मचारी, पुलिस प्रशासन के कार्मिक मौजूद रहे। इस संबंध में नगर पालिका के ईओ बसंत सैनी ने बताया कि यहां आवागमन को सुगम करवाने के उद्देश्य के साथ अतिक्रमण हटाए गए हैं।

पूर्व में अतिक्रमण होने के कारण यह मुख्य सड़क बेहद सकरी हो गई थी, जिसे अस्पताल में आने वाले रोगियों और एंबुलेंस को काफी आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ती थी। उन्होंने आमजन से भी अतिक्रमण हटाने की अपील की है।

## मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं,** (निसं)। ऊर्जा लेखा कर्मचारी संगठन झुंझुनूं द्वारा अपनी कार्यकारिणी गठन के पश्चात संगठन सदस्यों की मौजूदगी में अपनी सात सूत्री मांगों के संदर्भ में अजमेर डिस्कॉम एमडी के नाम से प्रावैधिक सहायक अधीक्षण अभियंता झुंझुनूं वृत्त को ज्ञापन पत्र सौंपा गया।

संगठन अध्यक्ष शेरसिंह मान ने बताया कि ज्ञापन की प्रमुख मांगों में लेखा संवर्ग के पदों का पुनर्गठन, लेखाधिकारी की सीधी भर्ती बंद करना, समयबद्ध पदोन्नित के लिए तत्काल डीपीसी करना एवं राज्य सरकार द्वारा नव सृजित वृतों में तत्काल लेखा संवर्ग के नए पदों की स्वीकृत जारी करवाना आदि मांगें प्रमुख है। 15 दिवस में मांगें नहीं मानने पर लेखा संवर्ग द्वारा डिस्कॉम स्तर पर आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा।

# मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी

**सीकर** (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को सीकर में जाट बाजार में पहुँचकर जीएसटी बचत उत्सव अभियान के तहत दुकानदारों एवं आमजन से संवाद किया साथ ही मेजर दलपत सिंह शेखावत के 107वें बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं शहीद वीरांगना सम्मान समारोह में भाग लिया

यूडीएच राज्यमंत्री खर्रा ने जीएसीटी बचत उत्सव अभियान के तहत व्यापारियों से जन सम्पर्क कर उन्हें जीएसटी की स्लेब कम होने बार में बताया। उन्होंने व्यापारियों स्वदेशी सामान बेचने और आमजन को स्वदेशी सामान खरीदने का आ ान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी में कमी करने पर केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए बचत एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब में परिवर्तन से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी मासिक खर्च में बचत होगी। इस दौरान उन्होंन जाट बाजार, तबेला बाजार,फागलवा पेट्रोल पंप होते हुए स्टेशन रोड पहुँचे, जहाँ उन्होंने आम जनता से सीधे संवाद कर योजनाओं की जानकारी साझा की।

इसके पश्चात खर्रा ने मेजर दलपत सिंह शेखावत के 107वें बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं शहीद वीरांगना सम्मान समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की शहीदों का बलिदान हमारी प्रेरणा का स्त्रोत है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभानी चाहिए। इस दौरान पूर्व सांसद सीकर सुमेदानंद सरस्वती, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़,पूर्व विधायक सीकर रतन लाल जलधारी, राजेश रोलन, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्मर्स समिति के जिला संयोजक नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, पवन मोदी, तेजप्रकाश सैनी, सीए उदेश घासोलिया, सीए श्रीहरि बियाणी, सुरेश अग्रवाल, जितेंद्र माथुर, अनिता शर्मा, सुरेश सैनी, मनोहरलाल सैनी, सुरेश कटारिया, अशोक चौधरी, जगदीश कुमावत, सुरेश फागलवा, गिरीश प्रधान, ओमप्रकाश पटवारी, अनुराधा सरपंच, वंदना राठौड, शारदा काबरा, उमा सैनी, कविता चौधरी, सोनू सोनी, दिनेश भादवासी आदि मौजूद रहें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस समारोह व दीपोत्सव आज

**सीकर** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस और दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताएं, विचार संगोष्ठी और शाम को भव्य दीपोत्सव होगा।

शेखावाटी विवि के कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10.30 बजे से विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ होगी। इस मौके पर विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, सम्भाषण प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता होगी। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रो. राय ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और संदेश को युवाओं तक पहुंचाना और उनकी प्रासंगिकता को समझाना है।

■ **विभिन्न प्रतियोगिताएं और दीपोत्सव में 1500 दीपक जलाए जाएंगे**

कुलगुरु प्रो.अनिल कुमार राय ने बताया कि दोपहर तीन बजे से प्रशासनिक भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा विषय पर राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी होगी। मुख्य अतिथि शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा और विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी होंगे। सारस्वत अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल एवं खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर होंगे।

मुख्य वक्ता जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. लोकेश कुमार शेखावत और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जयपुर प्रांत के अध्यक्ष राजीव सक्सेना होंगे। अध्यक्षता कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय करेंगे। इसी प्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् एवं शेखावाटी साहित्य संगम के संयुक्त तत्वावधान में दोपहर 1 से 3 बजे तक दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा लिखित पुस्तक जगतगुरु श्री शंकराचार्य पर परिचर्चा होगी।

प्रो. अनिल राय ने बताया कि शाम 6:15 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भव्य दीपोत्सव का आयोजन होगा। इसमें विवि में करीब 1500 दीपक जलाए जांएगे। दीपोत्सव में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र शामिल होंगे। यह आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय, समग्र विकास और भारतीय संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## शिविर व चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया

**सीकर,** (निसं)। चिकित्सा विभाग के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने गुरूवार को जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत लगे शिविर तथा चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रसीदपुरा, पलथाना, दादिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पालड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित शिविरों की व्यवस्थाओं, स्टॉफ की उपस्थिति, संस्थान की साफ सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, जांच व उपकरणों के रखरखाव का जायजा लिया। साथ ही एएनसी पंजीकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और प्रसव के लिए उच्च संस्थानों पर रैफरल, टीकाकरण तथा अन्य आरसीएच संबंधित गतिविधियां, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, परिवार कल्याण आदि की संस्थान प्रभारी के साथ समीक्षा की।

## पदयात्रा एक को

**उदयपुरवाटी** (निसं)। कस्बे में मां शाकंभरी कुटुंब सकराय धाम के तत्वाधान में उदयपुरवाटी खेल मैदान के पास गणेश मंदिर से शाकंभरी सकराय धाम तक विशाल निशान पदयात्रा एक अक्टूबर बुधवार को प्रात: 10:15 बजे निकाली जाएगी। शाकंभरी कुटुम सकराय धाम के मूलचंद सैनी से मिली जानकारी के अनुसार भक्त लोग हाथों में निशान लिए हुए कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए शाकंभरी सकराय धाम पहुंचेंगे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद करने वाले सम्मानित

**चूरू** (निसं)। पंजाब बाढ़ पीडितों की मदद करने के लिए समाज सेवी सहीराम पूनिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की प्रेरणा से सोमासी के युवाओं की टीम ने ग्रामीणों से सहयोग लेकर धरातल पर जाकर पीड़ितों से मिलकर मदद व सेवा कार्य किया।

वीर तेजाजी विकास समिति चूरू के सौजन्य से जिला कलेक्टर ने वालंटियर कार्य करने वाले अर्जुन राम सुण्डा, भगवाना राम कुल्हरी, मुकेश ढुकिया, महेश मेहरा, राकेश पूनिया, मनोज ढुकिया, रणवीर पूनिया को वीर तेजाजी विकास समिति चूरू के प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चूरू जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्योल ने पंजाब में धरातल पर जाकर काम करने वाले युवाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम् का भाव देती है। सोमासी के युवाओं ने हमारी संस्कृति और संस्कारों को चरितार्थ किया है।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि पंजाब के लोग सदैव पीडित मानवता की सेवा में अग्रणी रहते हैं इस संकट के समय में उनके साथ खडे होने का जज्बा दिखाकर युवाओं ने सकारात्मक संदेश दिया है।

# कलश यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ा

**चूरू** (निसं)। चिमन राम चैरिटी ट्रस्ट की ओर से 24 से 30 सितम्बर तक होने वाली भागवत कथा का आगाज बुधवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ विधायक हरलाल सहारण व जिला प्रमुख वंदना आर्य ने किया।

कलश यात्रा गढ़ स्थित गोपाल जी के मंदिर से रवाना होकर सफेद घंटाघर, सब्जी मंडी, भाईजी चौक होते हुये मंत्रियों की छतरी स्थित कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में महिलायें एक जैसी वेशभूषा में अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान कथावाचक डॉ. मनोज मोहन शास्त्री का मुख्य यजमान मुरारी लाल मंत्री, रमेश मंत्री, राम मोहन व सुनील मंत्री ने अभिनंदन किया। कलश यात्रा से पूर्व गोपाल जी के मंदिर में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवायी।



चूरू में कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कथावाचक शास्त्री ने वृदांवन से जुडे रोचक प्रसंगों की जानकारी दी। शास्त्री ने संत रामसुखदास महाराज का संस्मरण करते हुए कहा कि परमात्मा सबके हैं और सर्वत्र है। द्रौपदी चीर हरण की व्याख्या करते हुए मनोज मोहन ने बताया कि कृष्ण अपने सच्चे भक्त के हर परिस्थिति में सहायक होते हैं। इस अवसर पर श्रीराम सैनी, शेरू गोयनका, विमल जोशी, सुरेश सारस्वत, संजय सिंघानिया, जनार्दन आचार्य, महेश बावलिया, योगेश गौड, राजीव बहड, अजय शर्मा, सोहन लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन व महिलायें उपस्थित थी।

# 'कांग्रेस देश भर में अनर्गल प्रचार-प्रसार में जुटी'

**नोहर,** (निसं)। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में संशोधित की गई जीएसटी को लेकर यहां भाजपा की ओर से मटोरिया भवन में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने उपस्थितजनों को नई जीएसटी प्रणाली से अवगत करवाते हुए उसके लाभ को लेकर विस्तृत जानकारी दी। मटोरिया ने बताया कि किस प्रकार नई जीएसटी प्रणाली से व्यापारियों, आमजन तथा किसान को लाभ मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर जीएसटी को लेकर अर्नगल प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का काम केवल गुमराह करना है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक देश-एक टैक्स की तर्ज पर जीएसटी की नई प्रणाली को विकसित किया है। उन्होंने उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों को गांव ढाणी में जाकर जीएसटी की नई प्रणाली के संबंध में आम जन को जागरूक करने की बात कही। इस मौके पर सहायक वाणिज्य कर अधिकारी अल्पा सहारण ने बताया कि जीएसटी को पांच विभिन्न कैटेगरी से घटाकर महज केटी तकमित कर दिया गया है, जिसके तहत प्रथम कैटेगरी में आवश्यक जीवन रक्षक दवाई, दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं हैं। जिन पर जीएसटी महज 5 की गई है जबकि दूसरी कैटेगरी में उन वस्तुओं को रखा गया है जो हाई प्रोफाइल मानी जाती है। इससे न केवल आम आदमी, किसान, व्यापारी को लाभमिलेगा, बल्कि दैनिक जीवन में काम आने वाली विभिन्न प्रकार की अनेक वस्तुओं के दाम भी पहले की तुलना में काफी कम होंगे। उन्होंने इससे जुडी विस्तृत जानकारी उपस्थित जनों को दी। इसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी यहां मटोरिया भवन में किया गया।

# उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**नोहर,** (निसं)। यहां एल.आई. सी से लेकर गौरव पथ से आने वाले भारी वाहनों को शहर में प्रवेश को रोकने हेतु वार्ड नंबर 26 के लोगों ने आज समाजसेवी महेश कौशिक उपखंड अधिकारी आई .ए .एस. राहुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।जानकारी देते हुए शहर के जागरूक नागरिक महेश कौशिक ने बताया कि भारी वाहनों के प्रवेश से रोजाना दुर्घटना भी होती है।

## ज्ञापन सौंपा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कचहरी रोड पर फैली मिट्टी से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

बुधवार को व्यापारियों ने उपजिला कलेक्टर व आयुक्त बृजेन्द्र मीना को ज्ञापन सौंप कर कचहरी रोड की अधूरी पडी सडुक का निर्माण करवाने एवं मिट्टी झडवाने की मांग की। नगर परिषद गंगापुर सिटी ने गणेश शोभा यात्रा के दौरान सडक के गड्ढे भरने के लिए मिट्टी डलवाई थी।


**बेदखली सूचना** मै सुबेसिंह उम्र 68 साल पुत्र श्री श्यामलाल जाति जाट निवासी नरवासी तहसील राजगढ जिला चूरू का हूं जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि :- यह कि पूजा मेरे पुत्र सुनिल कुमार की पत्नी है जो की मेरी पुत्रवधु है। मेरी पुत्रवधु मेरे कहे अनुसार नही चलती है, आवारा लोगों की संगती में रहती है। मेरी पुत्रवधु मेरे पुत्र व मेरे कहने में नही है। मेरी पुत्रवधु दिनांक 01.08.2025 को अपने पीहर गई थी और वहां से मेरी पुत्रवधु पूजा किसी के साथ चली गई जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट संख्या 0275 दिनांक 15.08.2025 को पुलिस थाना तोशाम (हरि.) में पूजा के पिता ने दर्ज करवाई थी। इस कारण मैने आज दिनांक 24.09.2025 को मेरी उक्त पुत्रवधु को मेरी व हमारे परिवार की सम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरी पुत्रवधु पूजा का मेरी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नही रहा है। मैने मेरे परिवार से मेरी पुत्रवधु को अलग कर दिया है, मेरी पुत्रवधु मेरे परिवार का सदस्य नही रही है। मेरी पुत्रवधु के द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार हम नही होगे, लेन देन करने वाले स्वंय जिम्मेवार होंगे। हमारे घर व परिवार से मेरी पुत्रवधु पूजा का कोई लेना देना नही रहा है। मेरी पुत्रवधु पूजा के द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर व कोई मुकदमा बाजी या आपराधिक घटना कारित करने पर मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी। मैं सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि सूचित रहे।
शपथग्रहिता- सूबेसिंह



**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांक-ग्रा.प./सा./2025-26/398-99 दिनांक-19.09.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-2026**

ग्राम पंचायत सालासर में महात्मा गाँधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओ (नरेगा, RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2025-26 हेतु ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की गयी है जिसकी अनुमानित लागत राशी 60.00 लाख है जिस की प्रतिभूति राशी के रूप में अनुमानित लागत राशी का 60.00 लाख का 2% से 1.20 लाख का प्रशासक ग्राम पंचायत सालासार के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रकियों से वेंब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा दिनांक 19/09/2025 को 5.00 से दिनांक 29/09/2025 को 6:00 तक आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

**NIB Code-ZCR2526A0886**
**UBN Code - ZCR2526GLOB01498**

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सालासर, प. सं. सुजानगढ (चूरू)
प्रशासक, ग्राम पंचायत सालासर, प. सं. सुजानगढ (चूरू)



**राजस्थान राजपत्र विशेषांक साधिकार प्रकाशित** | **RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary Published by Authority**

भाद्र 17, सोमवार, शाके 1947 सितम्बर 08, 2025
Bhadra 17, Monday, Saka 1947-September 08, 2025

भाग-1 (ख)
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।
सार्वजनिक निर्माण विभाग
अधिसूचना
जयपुर, अगस्त 26, 2025

**(अतंर्गत भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4(1)**

Rajkaj 17387892- राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत् राजस्थान भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधान अनुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप-6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 1 (150) राज-6/2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार रामनगर तिराहा चूरू में निर्माण कार्य किये जाने के प्रयोजन से जिला चूरू की तहसील चूरू में निम्नानुसार प्रभावित गांव में भूमि अर्जन प्रस्तावित है:-

| क्र. सं. | जिला | तहसील | राजस्व ग्राम / नगर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | चूरू | चूरू | खांसोली |

परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सामाजिक आर्थिक विकास समिति, अधिशाशी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड चूरू (राजस्थान) एजेंसी का चयन किया गया है।

उपर्युक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गांवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :-

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गांवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी। तत्पश्चात प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार प्रसार के उपरान्त जन सुनवाई की जावेगी, जिसकी कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जावेगा।
3. जन सुनवाई के दौरान आये सुझाओं / आपत्तियों के समुचित समाधान को भामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. सार्वजनिक निर्माण विभाग माध्यम के तहत विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं हेतु अधिनियम की धारा 2 (2) (a) (ii) के प्रावधानानुसार प्रभावित परिवारों की सहमति आवश्यक होगी।
6. सामाजिक समाघात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और भान्य बना देगा।
7. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम 6 माह की अवधि से पूर्ण / सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

सम्पर्क सूत्रः-
**सामाजिक समाघात निर्धारण इकाई**
**अधिषाशी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**खण्ड चूरू (राजस्थान)**
**फोन नं.**
**सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी**
**सामाजिक आर्थिक विकास समिति**
**अधिषाशी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**खण्ड चूरू (राजस्थान)**
**फोन नं.**

आर.के. लूथरा,
संयुक्त सचिव (पथ),
सार्वजनिक निर्माण विभाग

DIPR/C/13756/2025